ascia
australasian society of clinical immunology and allergy
www.allergy.org.au
Information
FOR PATIENTS, CONSUMERS AND CARERS
Hindi

# अतिरंजित प्रतिक्रिया [Anaphylaxis (ऐनफलैक्सिस)]

अतिरंजित प्रतिक्रिया (ऐनफलैक्सिस) संभावित रूप से जीवन के लिए एक खतरनाक व एलर्जी की गंभीर प्रतिक्रिया है और इसका उपचार हमेशा एक आपात चिकित्सा की तरह होना चाहिये। ऐनफलैक्सिस किसी एलर्जी कारक (allergen) (प्रायः खाद्य पदार्थ, कीड़े या दवाइयाँ) जिनसे किसी व्यक्ति को एलर्जी है, से संपर्क में आने से होती है। एलर्जी से पीड़ित सभी लोगों को ऐनफलैक्सिस का खतरा नहीं होता है।

## ऐनफलैक्सिस के संकेतों और लक्षणों के बारे में जानना बहुत महत्वपूर्ण है

ऐनफलैक्सिस के लक्षण जानलेवा हो सकते हैं और निम्नलिखित में से कोई भी हो सकता है:

- सांस लेने में मुश्किल / शोर होना
- जीभ की सूजन
- गले में सूजन / जकड़न
- बात करने में मुश्किल और / या कर्कश आवाज़
- घरघराहट या लगातार खांसी
- पीलापन या सुस्त होना (छोटे बच्चों में)

कुछ मामलों में ऐनफलैक्सिस के पहले एलर्जी के कुछ कम खतरनाक लक्षण हो सकते हैं, जैसे कि:

- चेहरे, होंठ और / या आँखों में सूजन
- त्वचा पर लाल चकत्ते या छाले
- पेट में दर्द, उलटी (ये कीड़ों की एलर्जी से होने वाली ऐनफलैक्सिस के लक्षण हैं)

कई कारक एलर्जी की प्रतिक्रिया की गंभीरता को प्रभावित कर सकते हैं. इनमें व्यायाम, गर्मी, मद्यपान और जिन्हें खाद्यपदार्थों से एलर्जी हो, कितना खाया और उसे किस प्रकार बनाया गया शामिल हैं.

## ऐनफलैक्सिस के कारणों की पहचान महत्वपूर्ण है

आपका चिकित्सक सामान्यतः कई प्रश्न पूछेगा जिससे संभावित कारणों की सूची को छोटा करने में मदद मिलेगी जैसे कि उस दिन लिए गए खाद्यपदार्थ या दवाइयाँ या कीड़ों से संपर्क, इस प्रकार से उन लक्षणों को जो कई बार ऐनफलैक्सिस का भ्रम पैदा करते हैं, उनसे अलग किया जा सकता है जैसे कि बेहोशी या मिर्गी. यदि एलर्जी का संदेह है तो इसके बाद एलर्जी के परीक्षण किये जा सकते हैं, सामान्यतः एलर्जी कारक IgE के लिए रक्त परीक्षण ( जिसे पहले RAST परीक्षण के रूप में जाना जाता था) या त्वचा में चुभाकर परीक्षण करना जिससे संभावित कारणों की पुष्टि की जा सकती है या उन्हें रद्द किया जा सकता है।

एलर्जी परीक्षण के बारे में जानकारी ASCIA की वेबसाइट पर उपलब्ध है:
www.allergy.org.au/patients/allergy-testing/allergy-testing

इस पर ध्यान देना आवश्यक है कि एलर्जी परीक्षण के कुछ तरीके एलर्जी की पुष्टि के लिए चिकित्सकीय या वैज्ञानिक रूप से सिद्ध नहीं हुए हैं (इनमें साइटोटोक्सिक खाद्य परीक्षण, वेगा परीक्षण , शारीरिक गतिविधियों, एलर्जी दूर करने की तकनीकें, आँख की पुतली के माध्यम से परीक्षण, नाड़ी परीक्षण, अल्काट परीक्षण, रिन्केल के अंतर्त्वचीय परीक्षण, बालों का विश्लेषण और IgG खाद्य एलर्जी का परीक्षण शामिल हैं) इन परीक्षणों के बारे में जानकारी ASCIA की वेबसाइट पर उपलब्ध है:
www.allergy.org.au/patients/allergy-testing/unorthodox-testing-and-treatment

## ऐनफलैक्सिस का प्रभावकारी प्रबंधन लोगों की जान बचा सकता है

यदि आपको ऐनफलैक्सिस का खतरा है तो आपको आपके चिकित्सक के द्वारा लगातार प्रबंधन की आवश्यकता होगी। इनमें निम्नलिखित शामिल होने चाहिये:

- नैदानिक प्रतिरक्षा विज्ञान (क्लिनिकल इम्युनोलोजी) / एलर्जी विशेषज्ञ* के लिए रेफरल
- ऐनफलैक्सिस के कारणों की पहचान - इसमें व्यापक चिकित्सकीय इतिहास और चिकित्सकीय परिक्षण और उसके बाद एलर्जी परीक्षण के परिणामों की व्याख्या शामिल होनी चाहिये।

---

**अस्वीकरण:** यह तथ्य पत्रक शिक्षा प्रयोजनों के लिये ही है। अंग्रेजी से सही अनुवाद सुनिश्चित करने के लिये हर प्रयास किया गया है. भाषा अनुवाद एक बहुत जटिल काम है और कुछ भाषाओं में सटीक अनुवाद प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिये कि यह जानकारी आपके बच्चे के लिये उपयुक्त है. अपने डॉक्टर या पेशेवर स्वास्थ्य कार्यकर्ता से परामर्श करें। **© ASCIA 2015**

Translated by the WSLHD Translation Service July2015

- उन कारणों से बचने के लिए शिक्षा - यह खाद्यपदार्थों से गंभीर एलर्जी के लिए खासतौर पर महत्वपूर्ण है क्योंकि उन खाद्यपदार्थों के सेवन से बचना ही एलर्जी की प्रतिक्रिया से बचा सकता है. एलर्जी के आहार विशेषज्ञ की सलाह भी आवश्यक हो सकती है।
- ऐनफलैक्सिस के लिए ASCIA की कार्य योजना** - ASCIA की कार्य योजना अड्रेनेलीन (Adrenaline ) के स्वयं लेने वाले इंजेक्शन को कब और किस तरह लेना है, पर मार्गदर्शन प्रदान करती है।
- क्लिनिकल इम्युनोलोजी / एलर्जी विशेषज्ञ से नियमित परामर्श

* क्लिनिकल इम्युनोलोजी और एलर्जी सेवा प्रदान करने वाले चिकित्सकीय विशेषज्ञों की सूची ASCIA की वेबसाइट पर उपलब्ध है:
www.allergy.org.au/patients/allergy-and-clinical-immunology-services/how-to-locate-a-specialist

** ASCIA की कार्य योजना एक चिकित्सक द्वारा ही बनाई जानी चाहिये और अड्रेनेलीन के स्वयं लेने वाले इंजेक्शन के साथ रखनी चाहिये। ऐनफलैक्सिस के लिए ASCIA की कार्य योजना ASCIA की वेबसाइट पर उपलब्ध है:
www.allergy.org.au/health-professionals/anaphylaxis-resources/ascia-action-plan-for-anaphylaxis

## ऐनफलैक्सिस के लिए अड्रेनेलीन पहला उपचार है

अड्रेनेलीन ऐनफलैक्सिस के प्रभावों का असर उल्टा करने के लिए तेज़ी से कार्य करता है और ऐनफलैक्सिस का पहला उपचार है। अड्रेनेलीन के स्वयं लेने वाले इंजेक्शन (जैसे कि EpiPen) में एक तय खुराक होती है और इन्हें इस प्रकार बनाया गया है की इनका प्रयोग अ-चिकित्सकीय लोगों द्वारा किया जा सके जैसे कि मित्र, अध्यापक, बच्चों की देखभाल करने वाले कार्यकर्त्ता, माता-पिता, राहगीर या फ़िर मरीज स्वयं (यदि वे इतने अस्वस्थ नहीं है की यह कर सकें)।

एक अड्रेनेलीन के स्वयं लेने वाले इंजेक्शन की सलाह ऐनफलैक्सिस के एक व्यापक कार्यक्रम के भाग के रूप में ही दी जानी चाहिये, जिसमें शामिल हैं ऐनफलैक्सिस के लिए ASCIA की कार्य योजना और एलर्जी की प्रतिक्रिया के खतरों को कम करने के बारे में शिक्षा. यदि आप या आपके बच्चे को adrenaline autoinjector (स्वयं अड्रेनेलीन का इंजेक्शन लगाने का उपकरण) की सलाह दी गई है तो यह महत्वपूर्ण है कि आप एक प्रशिक्षक उपकरण के माध्यम से इसका प्रयोग सीख लें और उसका अभ्यास हर 3 - 4 महीने पर करें।

## और जानकारी

ऐनफलैक्सिस सम्बन्धी संसाधनों ( जिनमें शामिल हैं ASCIA की कार्य योजनाएँ, पूछे जाने वाले प्रश्न, ASCIA की यात्रा सम्बन्धी योजनाएं, अड्रेनेलीन के स्वयं लेने वाले इंजेक्शन के बारे में सूचना, प्रशिक्षण संसाधन और मार्गदर्शन) के लिए ASCIA की वेबसाइट पर जायें:
www.allergy.org.au/health-professionals/anaphylaxis-resources

स्वयं या परिवार में किसी को ऐनफलैक्सिस होने का सामना करना कठिन हो सकता है। ऐनफलैक्सिस के सहायता समूह उसी परिस्थिति का सामना कर रहे हैं और लोगों को उपयोगी और सहायक जानकारी प्रदान कर सकते हैं। ऐनफलैक्सिस के लिए रोगी सहायता संगठन हैं:

- एलर्जी और ऐनफलैक्सिस ऑस्ट्रेलिया (Allergy & Anaphylaxis Australia) - www.allergyfacts.org.au
- एलर्जी न्यू ज़ीलैण्ड (Allergy New Zealand) - www.allergy.org.nz

**© ASCIA 2015**

ऑस्ट्रलियन सोसाइटी ऑफ़ क्लिनिकल इम्युनोलोजी और एलर्जी (The Australasian Society of Clinical Immunology and Allergy) (ASCIA) ऑस्ट्रेलिया और न्यू ज़ीलैण्ड में क्लिनिकल इम्युनोलोजी और एलर्जी विशेषज्ञों की सर्वोच्च व्यावसायिक संस्था है।

वेबसाइट: www.allergy.org.au

ईमेल: projects@allergy.org.au

डाक का पता: PO Box 450 Balgowlah, NSW Australia 2093

### अस्वीकरण

यह दस्तावेज़ ASCIA सदस्यों द्वारा विकसित किया गया है और उनके साथियों द्वारा समीक्षित है और यह विशेषज्ञों की राय और समीक्षा के समय उपलब्ध प्रकाशित साहित्य पर आधारित है। इस दस्तावेज में निहित जानकारी का उद्देश्य चिकित्सकीय सलाह की जगह लेना नहीं है और चिकित्सकीय निदान या उपचार सम्बन्धी कोई भी प्रश्न एक चिकित्सक से किया जाना चाहिये। इस दस्तावेज़ का विकास किसी भी वाणिज्यिक स्रोतों से नहीं किया गया है और वाणिज्यिक संगठनों से प्रभावित नहीं है।

इस लेख में प्रस्तुत सामग्री संबंधी नवीनतम जानकारी पिछली बार जून 2015 में प्रदान की गई थी।



Translated by the WSLHD Translation Service July2015